>

Title: Regarding losses due to fire accidents in Delhi.

श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली): महोदय, मैं आपका ध्यान दिल्ली में निरन्तर बढ़ रही आग लगने की घटनाओं की तरफ दिलाना चाहता हूं जिसमें गरीब, झुग्गी वासी के जान-माल के नुकसान की और एक के बाद एक कई लोगों की इसमें तड़प-तड़प कर मरने की बात है, लेकिन दिल्ली की जो आम आदमी पार्टी की सरकार है, वह इस पर कोई कार्रवाई करने के बजाए इसकी जो जाँच रिपोर्ट है, उसको भी नहीं आने दे रही है ।

मैं अगर तीन मामलों को बताऊं तो यहां जनवरी, 2018 में 17 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी । वर्ष 2019 में एक आग की घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और वर्ष 2019 में ही 43 श्रमिक एक कमरे में जल कर मर गए, जिनके यहां अवैध बिजली का कनेक्शन दिया गया था । अभी दो दिन पहले सात लोग मर गए । उसकी जाँच रिपोर्ट को आने नहीं दिया जा रहा है ।

अध्यक्ष जी, मेरा आपके मार्फत यह कहना है कि दिल्ली सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने की कार्रवाई करे । इसकी जो जाँच रिपोर्ट है, उसे दिखाए, उसे न छिपाए । इस घटना में कई गरीब लोगों की बेटियों की शादी के लिए इकट्ठे किए गए सामान जल गए और उन्हें इसके लिए कोई मुआवजा भी नहीं मिल रहा है । दिल्ली सरकार इस पर कुछ कार्रवाई करे, यह आपके माध्यम से मेरी प्रार्थना है ।